**दिनांक 23.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में शेखपुरा जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय कल्याण बालक छात्रावास, बरबीघा, शेखपुरा के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अमरजीत कुमार,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

(iii) **श्री विकास कुमार,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शेखपुरा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | शेखपुरा जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय कल्याण बालक छात्रावास, बरबीघा, शेखपुरा के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 4,90,62,000/- (सचिव, अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-139 दिनांक-30.10.2024) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 5,17,57,377/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1497(नि0) अनु0 दिनांक-17.09.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 4,55,44,555/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-021924(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र मे प्रकाशित। |
| 6 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 13.01.2026 |
| 7 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 27.01.2026 / 29.01.2026 |
| 8 | निविदा की तिथि | - | 11.02.2026 |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | - | 12.02.2026 |
| 10 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. No- MWRD0324C1C04920, Class-I, MWRD)।<br>(2) मे0 अरबिन्द कुमार रियलकॉलन प्रा0 लि0, मॉ स्मृति सदन आर0एम0एस0 कॉलनी, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD)।<br>(3) मे0 आस्था एण्ड सौम्या कंसट्रक्सन बेगुसराय (Reg. No- 1220015, Class-I, BCD)।<br>(4) राजेश कुमार, हाथीदह वार्ड नं0-08, पटना (Reg. No- MWRD1020CIIN3275, Class-I, MWRD)। |

11 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>**
**<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>**

इस निविदा में एकमात्र वैद्य निविदाकार होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

E:/V/T.P-1/2026/docx 66

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-**

इस निविदा निष्पादन के दिशा-निर्देशों के पालन नहीं होने के कारण त्रुटिपूर्ण निविदा मानते हुए निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-**

दिनांक 23.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गया:-

**प्रथम निविदाकार** मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. No- MWRD0324C1C04920, Class-I, MWRD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्त एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5(c) के अंतर्गत मांगी गयी (1) पी0एच0ई0 कार्य (₹11,57,584/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹4,79,033/-) पायी गयी। (2) फायर फाईटिंग (₹14,39,980/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹10,45,605/-) पायी गयी। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 अरबिन्द कुमार रियलकॉलन प्रा0 लि0, मॉ स्मृति सदन आर0एम0एस0 कॉलनी, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 आस्था एण्ड सौम्या कंसट्रक्सन बेगुसराय (Reg. No- 1220015, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** राजेश कुमार, हाथीदह वार्ड नं0-08, पटना (Reg. No- MWRD1020CIIN3275, Class-I, MWRD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से तीन निविदाकार को **''रिसपान्सिव''** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 अरबिन्द कुमार रियलकॉलन प्रा0 लि0, मॉ स्मृति सदन आर0एम0एस0 कॉलनी, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) (2) मे0 आस्था एण्ड सौम्या कंसट्रक्सन बेगुसराय (Reg. No- 1220015, Class-I, BCD) (3) राजेश कुमार, हाथीदह वार्ड नं0-08, पटना (Reg. No- MWRD1020CIIN3275, Class-I, MWRD) को **सफल** (4) मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. No- MWRD0324C1C04920, Class-I, MWRD) को **असफल** घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-01.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| **(विकास कुमार)** | **(अमरजीत कुमार)** | **(मनोज कुमार सिंह)** |
| कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, शेखपुरा। | अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुंगेर। | मुख्य अभियंता (द0),<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-02-38/2025...6528... पटना/दिनांक...23/02/26...

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

23/02/26